# सफलता की कहानी

| | |
|---|---|
| कृषक का नाम | – प्रफुल्य महतो |
| पिता का नाम | – स्व0 मनीन्द्रनाथ महतो |
| गाँव | – लावजोड़ा |
| पंचायत | – भुला |
| प्रखण्ड | – बोड़ाम |

प्रफुल्य महतो सब्जी एवं मत्स्य पालक कृषक के रूप में अपने क्षेत्र में जाने जाते है। कुछ वर्षो पूर्व 2010–11 में प्रफुल्य महतो साधारण कृषकों की भांति ही परम्परागत खेती करते थे। आत्मा कृषि विभाग के द्वारा अपने गाँव से कृषक मित्र के रूप में चयनित हुए। कृषक मित्र के रूप में कार्य कर कृषि एवं कृषि तकनीकी की नवीनतम जानकारी से अवगत हुए। अपने साथ–साथ गाँव के अन्य किसानों को भी आत्मा के द्वारा संपन्न होने वाले कृषक गोष्ठी, प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण आदि में भाग लेने के लिए प्रेरित करते रहे है। इस दौरान आत्मा के द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक ने प्रेरित किया। अपने खेतों में ये सब्जी एवं धान की खेती उन्नत तकनीक से करने लगे। प्रशिक्षण में भाग लेने के पश्चात ये लगातार पंक्तिबद्ध बोआई तकनीक से धान की खेती कर रहें हैं और इससे इनको धान का परम्परागत विधि के तुलना में दोगुना उपज प्राप्त हो रहा है। रबी मौसम में टमाटर का अधिक मात्रा में खेती करने के साथ ही साथ अन्य सब्जी फुलगोभी, करेला, बैगन की खेती भी करते आ रहें हैं। वर्ष 2019–20 में मत्स्य पालन में इनकी रूचि को देखते हुए तकनीकी जानकारी के लिए पश्चिम बंगाल के रामसागर एवं मोइना आत्मा के माध्यम से अन्तर्राजकीय परिभ्रमण में भेजा गया जहाँ ये तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के पश्चात इस वर्ष खरीफ मौसम में अपने तालाब के अलावे लीज पर तालाब लेकर मछली का जीरा का उत्पादन अधिक मात्रा में करके लगभग 1,50,000 रूपये लाभ कमाया है। वैश्चिक महामारी कोविड–19 लॉकडाउन के दौरान इन्होंने जमशेदपुर में काफी सब्जी राज्य स्तर के निबंधित संस्था ऑल सीजन फार्म फ्रेश के माध्यम से होम डिलीवरी किया है।

मिश्रित खेती करने से प्रफुल्य महतो को सालों भर आमदनी हो रही है जिससे ये अपने घर–परिवार का भरण–पोषण कर रहें है । खेती के कार्यो से ही अपने भाईयों को पढ़ाया लिखाया जिसके कारण वे अच्छे संस्थान पर नौकरी कर रहें है। इनके बच्चे भी अपने पैरों पर खड़े होकर स्वरोजगार कर रहें है।

समय समय पर जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा श्री मिथिलेश कुमार कालिन्दी प्रफुल्य महतो एवं अन्य किसानों को तकनीकी सुझाव देते रहते है।

प्रफुल्य महतो द्वारा किये गये खेती का छायाचित्र
















